# आचार संहिता

VESUVIUS

## 8 महत्वाचे मुद्दे

हमारी आचार संहिता 8 प्रमुख क्षेत्रों को समाहित करती है:

01 स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण

02 व्यापार, ग्राहक, उत्पाद और सेवाएँ

03 घूसख़ोरी और भ्रष्टाचार निवारण

04 कर्मचारी और मानवाधिकार

05 प्रकटीकरण और निवेशक

06 सरकार, समाज और स्थानीय समुदाय

07 हित टकराव

08 प्रतिस्पर्धी

# 01

## स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण

स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के मामले प्रबंधन के मुख्य दायित्व, हैं। हम अपने कर्मचारियों, ग्राहकों, आपूरकों, ठेकेदारों, आगंतुकों, सामान्य जनता और अपने प्रचालनों से प्रभावित होने वाले अन्य लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा करेंगे। हमारे प्रचालनों को लेकर स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण जैसी सार्वजनिक चिंताओं का रचनात्मक समाधान किया जाना चाहिए।

हमः

- सभी कर्मचारियों के लिए स्वस्थ, सुरक्षित, और विश्वसनीय कामकाजी स्थितियां प्रदान करेंगे
- स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण की अपनी प्रतिबद्धताओं और दायित्वों को पूरा करने के लिए पर्याप्त मानव और भौतिक संसाधन और प्रशिक्षण प्रदान करेंगे
- विकास के प्रारंभिक चरण में नये उत्पादों और प्रक्रियाओं के पर्यावरणी पहलू पर विचार करेंगे
- मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले उन पदार्थों की माला कम से कम करेंगे, यदि संभव होगा तो उन्हें सुरक्षित बनायेंगे और उनका स्राव रोकेंगे
- सामग्रियों, ऊर्जा और अन्य संसाधनों का सावधानी से उपयोग करके अपशिष्ट को कम करेंगे और पुनर्चक्रण की संभावनाओं को बढ़ायेंगे
- अल्कोहल और नशीलीदवाओं के सेवन से जुड़े जोखिम से मुक्त कामकाजी परिवेश प्रदान करेंगे

**+ अधिक जानकारी**

ये सिद्धांत वीसुवियस की स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण नीतियों से समर्थित हैं जिसका अनुपालन वीसुवियस के लिए काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए।

# 02

## व्यापार, ग्राहक, उत्पाद और सेवाएं

हमारे लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए दीर्घकालिक सकारात्मक ग्राहक संबंध अनिवार्य हैं। वर्तमान और संभावित ग्राहकों और एजेंटों, वितरकों, आपूरकों और व्यापारिक सहयोगियों के साथ लेन-देन करते समय हमें उन सबके साथ निष्पक्ष, सुसंगत और पारस्परिक सम्मान और विश्वास पर आधारित बर्ताव करते हुए सत्यनिष्ठा की असंदिग्ध ख्याति को बनाये रखना चाहिए।

हमः

- हम लगातार सुरक्षित और ग्राहकों की आवश्यकताओं पर खरे उतरने वाले उत्कृष्ट गुणवत्ता के उत्पाद प्रदान करते रहेंगे
- बिक्री के बाद उत्कृष्ट गुणवत्ता की विश्वसनीय सेवा प्रदान करेंगे
- वीसुवियस के बारे में स्पष्ट, संक्षिप्त और उपयोगी जानकारी देंगे और अपने उत्पादों और सेवाओं के बारे में झूठे और भ्रामक बयान देने से परहेज करेंगे
- समूह की हित टकराव, उपहार और रिश्वत संबंधी नीतियों के पालन सहित सभी व्यापारिक लेन-देन अनैतिक संबंध के बिना करेंगे
- दूसरों की गोपनीय सूचनाओं की रक्षा करेंगे और इस तरह की सूचनाओं का उपयोग अनुचित व्यापारिक गतिविधियों या व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि केवल उन्हीं उद्देश्यों के लिए, जिसके लिए वे प्रदान की गयी हैं

# 03

## रिश्वतख़ोरी और भ्रष्टाचार निवारण

हम अपने व्यापार के संचालन में किसी तरह के भ्रष्ट आचरण को सहन नहीं करेंगे

इसे प्राप्त करने के लिएः

- एजेंटों, आपूरकों, साझा उपक्रमों के भागीदारों या अन्य व्यक्तियों सहित, कोई कर्मचारी या उनके लिए काम करने वाला या अन्यथा वीसुवियस का प्रतिनिधित्व करने वाला कोई अन्य व्यक्ति, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आपूरकों या सरकार के प्रतिनिधियों सहित किसी भी व्यक्ति को अनुचित व्यापारिक लाभ पाने के लिए किसी तरह के भुगतान या कोई भी मूल्यवान वस्तु रिश्वत में देने की पेशकश नहीं करेगा।
- जब तक हमारी या दूसरों की व्यक्तिगत सुरक्षा ख़तरे में नहीं होगी तब तक हम क सी तरह का सुगमीकरण भुगतान नहीं करेंगे
- मनोरंजन में हमारी भागीदारी और आतिथ्य के लिए हमारा हाथ बढ़ाना हमेशा सामान्य व्यापारिक काम-काज का हिस्सा ,आनुपातिक, सभी प्रासंगिक परिस्थितियों के मद्देनज़र तर्कसंगत, आनुपातिक, उपयुक्त होगा और किसी भ्रष्ट उद्देश्य की अनुभूति को जन्म नहीं देगा

**+ अधिक जानकारी**

ये सिद्धांत हमारी घूसख़ोरी और भ्रष्टाचार निवारक नीतियों और उनसे संबंधित समूह व्यापी अनुपालन पहल पर आधारित हैं।

## 04

### कर्मचारी और मानवाधिकार

कर्मचारियों के साथ नेक नीयती से और व्यक्ति की गरिमा के प्रति सम्मान के आधार पर किया जाना चाहिए। वीसुवियस जहां काम करती है वहां अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों को मानती है और अपने प्रचालनों में बाल मज़दूरी और जबरन मज़दूरी को सहन नहीं करेगी।

हमः

- अपने कर्मचारियों की बातें ध्यान से सुनेंगे और उत्पादकता, काम की गुणवत्ता और रोज़गार की स्थितियों में सुधार लाने में उन्हें शामिल करेंगे
- सुनिश्चित करेंगे कि नियुक्ति, प्रशिक्षण, पदोन्नति, कैरियर के विकास, नौकरी से निष्कासन और रोज़गार संबंधी इस तरह के मुद्दे नस्ल, रंग, राष्ट्रीयता, संस्कृति, नृजातीय मूल, धर्म, लिंग, यौन रुझान, उम्र, विकलांगता या कार्य निष्पादन से असंबद्ध या प्रयोज्य कानूनों द्वारा वर्जित अन्य कारणों से परे निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यक्तिगत क्षमता, उपलब्धि और अनुभव पर आधारित हों
- भेदभाव या उत्पीड़न को सहन करने से इनकार करेंगे
- ऐसा कामकाजी परिवेश प्रदान करेंगे जो हमारे कर्मचारियों के शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव नहीं डालेगा।
- कर्मचारियों को उनकी कुशलता और अनुभव के आधार पर व्यापार की सफलता के लिए व्यावहारिक सीमा तक पारिश्रमिक दिया जायेगा
- अपने कर्मचारियों को प्रभावित करने वाले महत्त्वपूर्ण घटनाक्रमों और समूह के दृष्टिकोण, उद्देश्यों और योजनाओं से अवगत कराते रहेंगे
- कर्मचारियों से खुले, ईमानदार और सम्मानपूर्ण ढंग से संचार करेंगे
- काम से जुड़े विवादों के समाधान के लिए प्रभावी प्रक्रिया का अनुरक्षण करेंगे
- कर्मचारियों के दस्तावेज गोपनीय रखेंगे और केवल तर्कसंगत व्यापारिक उद्देश्यों के लिए ही व्यक्तिगत सूचनाएं जुटायेंगे. प्रयोग करेंगे और खुलासा करेंगे

**+ अधिक जानकारी**

ये सिद्धांत हमारी रोज़गार नीतियों और मानवाधिकार नीतियों द्वारा समर्थित हैं।



## 05

### प्रकटीकरण और निवेशक

वीसुवियस के निवेशक उसके मालिक हैं। हम टिकाऊ और लाभदायक विकास देने के प्रयास करेंगे और शेयर धारकों को मूल्य प्रदान करेंगे। संसाधनों का विवेकपूर्ण और प्रभावी उपयोग करके समूह की परिसंपत्ति के परिरक्षण और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

हमः

- हम खरी नियंत्रण प्रणाली द्वारा समर्थित बहियां और दस्तावेज़ तैयार करेंगे जो किये गये व्यापारिक सौदों और व्यापार की वित्तीय अवस्था को सही और निष्पक्ष ढंग से व्यक्त करेंगे
- निवेशकों को नियमित रूप से और यथा समय सटीक वित्तीय सूचना और समूह की स्थिति का संतुलित मूल्यांकन प्रदान करेंगे जो आसानी से बोधगम्य होगा
- व्यापारिक संचालन में सर्वश्रेष्ठ आचरणों का पालन करेंगे
- संचालन या समूह के व्यापार के बारे में निवेशकों के सवालों के स्पष्ट जवाब देंगे।
- सभी निवेशकों के साथ सुसंगत और न्यायसंगत बर्ताव करेंगे और किसी एक निवेशक या निवेशक वर्ग को दूसरों की कीमत पर लाभ पहुंचाने से परहेज करेंगे
- अपने दायित्वों का पालन करने; अपने सलाहकारों और लेखा परीक्षकों के साथ संचार; और निवेशक समुदाय के साथ संचार में निस्पक्ष, ईमानदार और व्यावसायिक रहेंगे
- घोषित होने से पहले तक सभी अंदरूनी जानकारियां गोपनीय रखेंगे और वीसुवियस के शेयरों के व्यापार या दूसरों को इस तरह के उद्देश्य से उनका उपयोग करने में समक्ष बनाने के लिए उनका उपयोग कभी नहीं करेंगे

**+ अधिक जानकारी**

ये सिद्धांत हमारी नियंत्रण नीतियों, वित्तीय पतिवेदन नीतियों और कंपनी की प्रतिभूतियों और आंतरिक सूचनाओं के विनियमन संबंधी नीति से समर्थित हैं।

# 06

## सरकार, समिति और स्थानीय समुदाय

हम जब भी व्यापार करते हैं, अच्छे व्यापारिक नागरिक बनने के प्रयास करते हैं। हम राजनीतिक गतिविधियों और करों के भुगतान संबंधी कानूनों, अध्यादेशों और विनियमनों सहित, राष्ट्रीय और स्थानीय कानूनों, अध्यादेशों, विनियमनों का पालन करेंगे।

हमः

- स्थानीय संस्कृति के बारे में जानकारियां रखेंगे, समूह भर में अनुभवों की साझेदारी को प्रोत्साहन देंगे, और स्थानीय समुदायों के साथ अपने बर्ताव में अनुकूलनशील, नवोन्मेषी और संवेदनशील होंगे
- क्षेत्रीय और स्थानीय चिंताओं, रीति-रिवाजों और परंपराओं का सम्मान करेंगे और उनका ख़्याल रखेंगे
- सामूहिक कार्य संबंधी गतिविधियों में इस संहिता की घूसख़ोरी और भ्रष्टाचार निवारक नीतियों सहित स्थानीय कानूनों और विनियमनों के साथ ताल-मेल बना कर नैतिकतापूर्ण आचरण करेंगे

**+ अधिक जानकारी**

ये सिद्धांत हमारी मानवाधिकार नीति से समर्थित हैं।



# 07

## हित टकराव

समूह के हित में काम करना कर्मचारियों, अधिकारियों और निदेशकों का दायित्व है और वे खुद को या दूसरों को लाभ पहुंचाने या समूह के सर्वाधिक हितों के विरोध में काम करने के लिए अपने पद का उपयोग नहीं कर सकते। समूह के हितों से टकराने वाले या टकराते प्रतीत होने वाले, या हमारे दायित्वों के निर्वाह को अनुचित रूप से प्रभावित करने वाले निजी हित से बचना चाहिए। हमेशा हित टकराव टालना संभव नहीं होता और इसलिए जहां किसी कर्मचारी या उनके परिवारों और करीबी व्यक्तियों के हित, समूह के हितों से टकराते हैं या इसके पर्याप्त संकेत हैं कि वे टकरा सकते हैं तो कर्मचारी को तुरंत उस टकराव या संभावित टकराव के बारे में अपने लाइन मैनेजर को बताना चाहिए।

कर्मचारी कभी भीः

- समूह के साथ व्यापार करने या कर सकने वाले बाहरी प्रतिष्ठानों के साथ प्रबंधन से इस तरह का संबंध बनाने की पूर्व अनुमति लिये बिना समूह की ओर से प्रत्यक्ष या परोक्ष व्यापारिक या वित्तीय या अन्य संबंध स्थापित नहीं करेंगे
- प्रबंधन से पूर्व स्वीकृति के बिना किसी समूह का प्रतिनिधित्व नहीं करेंगे जिसमें उनके या किसी संबंधित पक्ष के व्यक्तिगत हित हैं
- समूह या व्यापारिक सहयोगियों की गोपनीय सूचनाएं या उनके बारे में गोपनीय सूचनाएं अनुचित ढंग से प्रकट या अन्यथा उनका उपोयग नहीं करेंगे
- समूह के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे या प्रतिस्पर्धा करने में दूसरों की मदद नहीं करेंगे
- किसी व्यावसायिक उपक्रम के बाहरी बोर्ड में नौकरी नहीं करेंगे जब तक कि इस तरह के बोर्ड की सदस्यता समूह के प्रबंधन द्वारा स्वीकृत न हो और समूह के हितों के साथ टकराती न पायी जाये
- किसी व्यापारिक सहयोगी या प्रतिस्पर्धी को निजी लाभ के लिए धन नहीं देंगे या लेगें
- किसी व्यापारिक सहयोगी या प्रतिस्पर्धी से अमौद्रिक उपहार, सेवा या कोई दूसरी चीज नहीं लेंगे यदि वे उनकी स्वतंत्रता या व्यावसायिक निर्णय को अनुचित ढंग से प्रभावित करते हैं या प्रभावित करते जान पड़ते हैं

# 08

## प्रतिस्पर्धी

हम सक्रिय लेकिन ईमानदारी से प्रतिस्पर्धा करेंगे और ग़ैर कानूनी साधनों से प्रतिस्पर्धी लाभ लेने के प्रयास नहीं करेंगे।

हमः

- अपने प्रतिस्पर्धियों के साथ व्यावसायिक रूप से संवेदनशील सूचनाओं (मूल्यों, क्षमता, उत्पादन, विक्रय के परिमाण, बाज़ार में हिस्सेदारी, व्यावसायिक रणनीति या लागतों सहित) का आदान-प्रदान कभी नहीं करेंगे
- अनुचित साधनों से किसी प्रतिस्पर्धी के बारे में सूचना प्राप्त करने से परहेज करेंगे
- प्रतिबंधक या छल पूर्ण व्यापारिक आचरण कभी नहीं करेंगे या बाज़ार में किसी मुकाम का दुरुपयोग कभी नहीं करेंगे
- अपने प्रतिस्पर्धियों या उनके उत्पादों के बारे में झूठी या भ्रामक टिप्पणियां या दावे करने सहित अनुचित प्रतिस्पर्धा में शामिल होने से परहेज करेंगे

**+ अधिक जानकारी**

ये सिद्धांत हमारी प्रतिस्पर्धी और गुट विरोधी नीतियों पर आधारित हैं।

## खुल कर बोलना

कर्मचारियों को इस संहिता के शब्दों और भावों, कानून या किसी नीति के साथ टकराने वाले आचरण या निर्णयों के बारे में किसी तरह की चिंता के बारे में प्रबंधन के साथ चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यदि आपकी कोई चिंता है तो कृपया अपनी कतार के प्रबंधक, अपने देश के किसी वरिष्ठ प्रबंधक या कानूनी विभाग के किसी सदस्य के सामने उसे व्यक्त करें। व्यक्तिगत रूप से रिपोर्ट की जाने वाली सभी चिंताओं को गोपनीय माना जायेगा।

कंपनी एक स्वतंत्र, गोपनीय चौबीसो घंटे चालू रहने वाली कर्मचारी सरोकार हेल्प लाइन और एक वेब आधारित सुविधा भी उपलब्ध कराती है जिसके माध्यम से कर्मचारी अपनी चिंता का पंजीयन करा सकते हैं।

**नेक नीयती से किसी चिंता की रिपोर्ट करने वाले किसी भी कर्मचारी को दंडित नहीं किया जायेगा या उसका नुकसान नहीं होगा। आवाज़ उठाने वाले के ख़िलाफ़ जवाबी हमला सहन नहीं किया जायेगा।**

## सुनिश्चित करें कि यह कारगर हो

हमें हमेशा अपने व्यापारिक काम-काज, संहिता के सिद्धांतों के अनुरूप ही करने चाहिए। बहुत से मामलों में इसके लिए सोच-विचार कर निर्णय लेने की आवश्यकता होगी। यदि संहिता के अर्थ या इसके विस्तार के बारे में आपको कोई संदेह है तो कृपया अपने पर्यवेक्षक या समूह के किसी अन्य अधिकारी से सलाह लें।

इस संहिता का पालन न करने के नतीज़े अर्थदंडों, दंडों, साख की क्षति, और आपाराधिक दायित्व के अर्थों में वीसुवियस और उसके व्यक्तिगत कर्मचारियों, दोनों के लिए गंभीर हो सकते हैं। जहां इस संहिता के उल्लंघन का संदेह है या उसकी तसदीक हो जाती है, उपयुक्त जांच की जायेगी। जहां लागू हो सकता होगा, अनुशासनिक अनुषांगिताओं सहित, निष्कासन और निष्कासन सहित, सुधारात्मक कार्रवाई की जायेगी।

इस संहिता की नियमित रूप से समीक्षा की जायेगी। हम इसके अनुपालन के तरीके की भी निगरानी करेंगे। इस संहिता के बारे में किसी तरह की टिप्पणी समूह की महापरिषद को विचारार्थ भेजी जानी चाहिए।

## मैं अधिक जानकारी कहां से प्राप्त कर सकता हूं?

समर्थक नीतियों की प्रति सहित, अधिक जानकारी के लिए कृपया वीसुवियस के इंटरनेट पर जायें या कानूनी विभाग के अपने स्थानीय सदस्य से सलाह लें। संहिता का एक इलेक्ट्रॉनिक संस्करण www.vesuvius.com पर उपलब्ध है।

VESUVIUS

Vesuvius plc
165 Fleet Street
London EC4A 2AE

T +44 (0)20 7822 0000
www.vesuvius.com

2019_Hindi